# राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता जरूर मिलेगी : ओंकार सिंह लखावत

- रोटरी राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा समारोह आयोजित
- साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया को 'कला डूंगर कल्याणी' राजस्थानी शिखर पुरस्कार से नवाजा



राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत ने रोटरी राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा समारोह में साहित्यकारों को पुरस्कार से नवाजा।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राजस्थानी अत्यंत समृद्ध भाषा है। राजस्थानी भाषा, साहित्य, संस्कृति पर हम सभी को गर्व होना चाहिए।

लखावत रविवार को रोटरी क्लब बीकानेर की ओर से रोटरी भवन, सादुलगंज में आयोजित राज्य स्तरीय राजस्थानी भाषा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। समारोह में प्रदेश के राजस्थानी साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये गये। लखावत ने बताया कि प्रदेश के महापुरूषों की पावन स्मृति में उनके स्मारक बनवाए जा रहे हैं।

बीकानेर में राव बीकाजी के भव्य स्मारक का शीघ्र ही निर्माण होगा। राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता के लिये किये गये प्रयासों की जानकारी देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थानी को मान्यता अवश्य मिलेगी।

लखावत ने कहा कि हम युवा पीढ़ी को राजस्थानी बोलने, लिखने व पढ़ने के लिये प्रोत्साहित करें तथा उन्हें राजस्थान के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दें। वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षाविद् डॉ. मदन केवलिया ने कहा कि मायड़ भाषा हमारा गौरव है। राजस्थानी साहित्य में वीरता, उत्साह, भक्ति, श्रंगार, हास्य आदि सभी रसों के जीवंत उदाहरण देखने को मिलते हैं। संयोजक अरूण प्रकाश गुप्ता ने रोटरी क्लब की गतिविधियों का परिचय देते हुए राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने संबंधी आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। मनमोहन कल्याणी ने स्वागत भाषण दिया।

राजेश चूरा ने बताया कि पुरस्कारों के तहत राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार भी प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा। रोटरी क्लब अध्यक्ष सुनील सारड़ा ने आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ उद्घोषक किशोर सिंह राजपुरोहित ने समारोह का संचालन किया।

इस अवसर पर कवि कैलाश मंडेला ने काव्य पाठ किया। डी. डी. व्यास, राजेन्द्र बोथरा ने भी विचार व्यक्त किये। पृथ्वीराज रतनू, मनीष तापड़िया, सुनील गुप्ता, दिनेश आचार्य ने पुरस्कृत साहित्यकारों का परिचय दिया। कलासन प्रकाशन की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गयी।

समारोह के दौरान वर्ष 2024 का 'कला डूंगर कल्याणी' राजस्थानी शिखर पुरस्कार इक्यावन हजार रूपए बीकानेर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया को, खींवराज मुन्नीलाल सोनी राजस्थानी गद्य पुरस्कार इक्कीस हजार रूपए रामगढ़, नोहर के साहित्यकार पूरण शर्मा को, बृज उर्मी अग्रवाल राजस्थानी पद्य पुरस्कार ग्यारह हजार रूपए भीलवाड़ा के साहित्यकार कैलाश मण्डेला को तथा राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार पांच हजार रूपए लक्ष्मणगढ़, सीकर की साहित्यकार विमला महरिया को प्रदान किया गया। पुरस्कृत साहित्यकारों को चैक, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रो. भंवर भादाणी, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, बुलाकी शर्मा, शरद केवलिया, रवि पुरोहित, डी. पी. पच्चीसिया, सुधा आचार्य, प्रमोद शर्मा, हेम शर्मा, प्रो. सवाई सिंह, डॉ. नंदलाल वर्मा, भंवर सिंह, डॉ. के. एल. बिश्नोई, पवन दान, ओम मोदी, मुकेश कुलरिया, अनिल माहेश्वरी, रीटा आहूजा, अरविंद केवलिया, एम. एल. जांगिड़, गौतम केवलिया, पूर्णिमा मित्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पैरा कबड्डी टीम का ट्रेनिंग कैम्प

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला मुख्यालय पर 9 व 10 नवम्बर को पहली बार आयोजित होने वाली ओपन नॉर्थ जोन पैरा कबड्डी भटनेर कप 2024 के लिए राजस्थान पैरा कबड्डी टीम का विशेष ट्रेनिंग कैम्प शनिवार को टाउन के फोर्ट स्कूल के खेल ग्राउंड में शुरू हुआ। इसमें राज्य के कई जिलों से खिलाड़ी ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा ले रहे हैं।

विशेष ट्रेनिंग कैम्प 7 नवम्बर तक चलेगा। इसके बाद 9 व 10 नवम्बर को राजस्थान टीम नॉर्थ जोन टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। ट्रेनिंग कैम्प के सभी खिलाड़ियों को आर्किटेक और इंजीनियर्स समिति हनुमानगढ़ की ओर से स्पोर्ट्स किट तथा रोट्रेक्ट क्लब की ओर से कबड्डी मैट शूज प्रदान किए गए हैं। मालवा रीगल स्पोर्ट्स ने कबड्डी कोच के लिए विशेष टी-शर्ट उपलब्ध करवाई गई।

ट्रेनिंग कैम्प के शुभारंभ मौके पर अर्जुन अवॉर्डी जगसीर सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग कैम्प का उद्देश्य राजस्थान की टीम को आपसी तालमेल स्थापित करने का अवसर प्रदान करना है ताकि आगामी प्रतियोगिताओं में टीम बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। यह पहल खिलाड़ियों के बीच तालमेल और सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

उम्मीद है कि इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। गुरूद्वारा शहीद बाबा सुखासिंह बाबा महताब सिंह के मुख्य सेवादार बाबा जग्गासिंह ने कहा कि गुरूद्वारा साहिब के प्रबंधक और सेवादार खिलाड़ियों की सेवा में हाजिर रहेंगे।

## सार-समाचार

### 115 यूनिट रक्तदान किया


जवाहर नवोदय के पूर्व विद्यार्थियों ने दिवंगत गुरूजनों और साथियों की स्मृति में रक्तदान किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जवाहर नवोदय विद्यालय गजनेर एल्युमिनी संगठन द्वारा दिवंगत गुरूजनों व साथियों की स्मृति में रविवार को बिश्नोई धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीकानेर के जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला डुकवाल और जवाहर नवोदय विद्यालय गजनेर के प्राचार्य इलियास खान अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में 250 से ज्यादा पूर्व विद्यार्थियों व गुरूजनों ने शिरकत की। इस दौरान में 115 से ज्यादा यूनिट रक्तदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक और एल्युमिनी अध्यक्ष सुभाष बिश्नोई ने आभार जताया। इस दौरान सचिव डॉ राजेश बिश्नोई, डॉ रमेश करेला, अधिशाषी अभियंता धर्मेन्द्र कुमावत, मंजू गोदारा, चंद्र प्रकाश, रामनिवास, सुखदेव नाथ, हनुमान जाखड़ आदि ने इसके आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नशा तस्करों पर कार्रवाई की मांग



बीकानेर को नशे से मुक्त करवाने की मांग को लेकर सदर थाने का घेराव किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पंजाब के बाद नशे का हब बन रहे बीकानेर को नशे से मुक्त करवाने की मांग को लेकर आज वार्ड-37 के बाशिंदों ने सदर थाना का घेराव किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सौरभ तिवारी से मिले नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आश्वसन के बाद घेराव खत्म किया गया। घेराव करने सदर थाने पहुंचे लोगों ने लोगों ने थाने में मौजूद सीओ सदर आईपीएस विकास और थानाधिकारी कुलदीप सिंह चारण को अवगत कराया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त काफी बढ़ गई है। दिन और रात भुट्टों के बास में नशा कारोबार किया जाता है। इस नशे में युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। अब तो इस नशे की जद में युवतियां भी आने लगी हैं जो समाज के लिए बहुत ही हानिकारक और कष्टकारक है। अगर पुलिस ईमानदारी से इन नशा कारोबारियों के खिलाफ अपनी ड्यूटी करते हुए कार्रवाई करें तो निश्चित रूप से भुट्टों के बास में नशा कारोबार को खत्म किया जा सकता है।

### नहर से रेत निकालने में लीपापोती

**पूगल,** (कासं)। पूगल उपखंड क्षेत्र की आडूरी वितरिका, रामड़ा एवं मेकेरी माइनर के किसानों ने ठेकेदार पर नहर से सिल्ट नहीं निकालने का आरोप लगाया है। शनिवार को किसान नहर के पास पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। किसान तीर्थसिंह सोढ़ा और पीराराम ने बताया कि दंतौर ब्रांच की आडूरी वितरिका में से ठेकेदार ने जो रेत निकालने का कार्य किया है वह सही तरीके से नहीं किया। नहर में अभी भी रेत जमी पड़ी है। अब नहर में पानी भी आने वाला है। इससे नहर टूटने की आशंका बनी गई है। इससे किसानों की बारियां भी पिटेगी। दंतौर ब्रांच के मेकेरी माइनर के किसानों ने भी ठेकेदार पर नहर से रेत नहीं निकालने का आरोप लगाया है। खींवसिंह मेकेरी ने बताया कि रामड़ा और मेकेरी माइनर की साफ-सफाई के लिए 4 लाख 45 हजार रूपए का बजट भी स्वीकृत है, लेकिन ठेकेदार द्वारा नहर में साफ-सफाई के कार्य में लीपापोती की गई है। साफ-सफाई के दौरान काफी जगह नहर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों ने पूरा भुगतान उठा लिया है और काम भी नहीं किया। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही। आडूरी ब्रांच के सरूपसिंह,अशोक सुथार, पीराराम, सुनील, सुजानसिंह, कालूराम, मेकेरी माइनर के किशोर सिंह, धनेसिंह, करीम खां, मैकेरी सरपंच शिवराज सिंह भाटी व सोसायटी अध्यक्ष चतरसिंह आदि ने नहर के आगे प्रदर्शन कर जांच की मांग की।

### 31 से सजेगा तिब्बती मार्केट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर में इस बार 31 अक्टूबर से तिब्बती मार्केट सजेगा। तिब्बत मूल के लोग यहां हर साल अक्टूबर के अंत से फरवरी के पहले सप्ताह तक बाजार सजाते हैं। इसमें एक ही दाम पर ऊनी कपड़ों की बिक्री करते हैं। ये लोग यहां अस्थाई रूप से रहते हैं। इस दौरान तिब्बत की परंपराओं का पालन करते हुए ये लोग व्यापार में जुटते हैं। तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के प्रधान प्रभु ने बताया कि इस बार उनका मार्केट करीब एक सप्ताह देरी से लग रहा है। पिछले साल 23 अक्टूबर को मार्केट शुरू हुआ था। इस बार 7 दिन देरी से शुरू किया जा रहा है। नई धानमंडी के बाहर 28 दुकानों का प्रबंध किया गया है। इनमें से 20 दुकानों में बिक्री करने के लिए परिवार पहुंच गए हैं। शेष 8 दुकानें अभी खाली रहेंगी। प्रधान प्रभु ने बताया कि उद्घाटन समारोह में विधायक, नगर परिषद सभापति और जिला कलेक्टर सहित प्रमुख अतिथियों को आमंत्रित किया जायेगा। अभी तैयारी की जा रही है। टीनशैड वाली दुकानें तैयार कर ली गई हैं। इन्हें सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

# खाजूवाला क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई व तस्करी चरम पर

- वन विभाग को सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है

**खाजूवाला,** (कासं)। इन दिनों खाजूवाला क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई व तस्करी का काम चरम पर है। एक तरफ तो सरकार पेड़ लगाने की ओर लोगों को जागृत कर रही है। वहीं दूसरी ओर यहां वन-माफिया है जो कि इस क्षेत्र से पेड़ों का सफाया करने पर तुले हुए हैं। विभाग है जो कभी-कभार कार्रवाई करता है। ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने इस मामले को छोड़ रखा है।

खाजूवाला क्षेत्र में रोजाना सैकड़ों क्विंटल हरी लकडियां अवैध रूप से काटी जा रही है तथा परिवहन हो रही है। खाजूवाला व इसके आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में यदि रात्रि को सही से गश्त लगाई जाए तो 200 क्विंटल से ज्यादा लकड़ी विभाग रोज पकड़ सकता है। वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में हरे पेड़ों जैसे खेजड़ी, रोहिड़ा, शीशम आदि की अंधाधुंध कटाई जोरों पर है। किसान भी खेतों की मेढ़ पर लगे हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ये वन-माफिया किसान के नाम से तहसीलदार से मात्र 5 पेड़ों को हटाने की अनुमति की आड़ में ना जाने कितने पेड़ काट देते हैं। वन माफिआओं पर नियंत्रण नहीं होने के कारण जहां कभी घना जंगल हुआ करता था। वहां पर अब कटे पेड़ों के ठूंठ ही नजर आते हैं। पिछले दिनों खाजूवाला पुलिस सर्किल पर अवैध लकडियों से भरा ट्रैक्टर रेहड़ा होने की सूचना सीसीएफ बीकानेर, डीएफओ छतरगढ़ वीरभद्र मिश्र, एसीएफ खाजूवाला रविन्द्र सिंह जोधा तथा स्थानीय रेंजर को दूरभाष पर ग्रामीणों ने सूचना दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

वन-विभाग के रेंजर, एसीएफ तथा डीएफओ को फिर से दूरभाष परसूचना दी गई कि अवैध लकडियों का परिवहन किया जा रहा है। सुबह 6.20 बजे सीसीएफ बीकानेर हनुमानाराम को दूरभाष पर इस आशय की दुबारा शिकायत की गई। तब जाकर स्थानीय वन-विभाग प्रशासन हरकत में आया और वन-विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर एक ट्रैक्टर रेहड़ा पकड़ा।

वहीं शिकायतकर्ता के नाम व नम्बर माफिया तक पहुंच रहे हैं जिससे उनके हौसले टूट रहे हैं। वन माफियाओं द्वारा खाजूवाला से रावला, 365 हैड, घड़साना एवं आस-पास की विभिन आरा मशीनों पर धड़ल्ले से विभिन्न प्रकार की लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा है।

बॉर्डर एरिया होने के कारण बॉर्डर एवं इसके आस-पास के ग्रामीण आंचल में रात को समय-समय पर बीएसएफ द्वारा भी रात्रि गश्त करते हुए रेहड़ों को पकड़ कर वन विभाग के हवाले किया गया। बिश्नोई समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत बिश्नोई का कहना है कि हमने पूर्व में छतरगढ़ डीएफओ, एसडीएम खाजूवाला को हरे पेड़ों की हो रही अवैध कटाई को लेकर ज्ञापन कई बार दिए हैं फिर भी प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## घर से लाखों के गहने चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। चौखूंटी एरिया में एक घर से चोर चोरी करके फरार हो गए। चोरी में सोने-चांदी के जेवरात के साथ ही नगदी भी थी।

कोटगेट पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं। शहरी क्षेत्र में अब औसतन रोज एक-दो चोरी की घटनाएं हो रही है। वहीं बाइक चोरी की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। चौखूंटी रेलवे फाटक के पास ही रहने वाली सुनंदा शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसके घर में घुसे युवकों ने 50 हजार रूपए नगद और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

जेवरात में चार तोले का सोने का सैट, चार अंगूठी, एक तोले की चैन, चार चांदी की पायल और 16 बिछुड़ी और 10 चांदी के सिक्के चोरी हो गए। घटना 23 अक्टूबर की है लेकिन कोटगेट पुलिस ने एफआईआर अब दर्ज की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कुछ घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। चोरों की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने किसी को हिरासत में नहीं लिया है।

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, दो की मौत

- कार में सवार इवेंट मैनेजर युवक-युवती उछलकर बाहर आ गिरे और गाड़ी हाईवे से 20 फीट नीचे उतरकर झाडियों में फंस गई

**बीकानेर,**(कासं)। हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर एक कार 4 बार पलट गई। गाड़ी पलटने पर हुई तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक दो जनों की मौत हो चुकी थी।

कार में सवार इवेंट मैनेजर युवक-युवती उछलकर बाहर आ गिरे और गाड़ी हाईवे से 20 फीट नीचे उतरकर झाडियों में फंस गई। लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। हादसा गंगाशहर थाना इलाके में हुआ। एएसआई लाभूराम ने बताया कि गंगाशहर से नोखा की तरफ जाने वाले हाईवे पर रविवार सुबह करीब 6.15 बजे एक एसयूवी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसके बाद गाड़ी सड़क से नीचे उतरकर झाड़ियों में फंस गई। हादसे में मुनीत बोथर पुत्र महेन्द्र बोथरा और बादलां गांव की लवीना बदनानी पुत्री दिलीप बदनानी की मौत हो गई। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच में जुटी है।

एएसआई ने बताया कि दोनों इवेंट मैनजर थे और नोखा रोड पर स्थित एक रिसोर्ट पर इवेंट का काम करने गए थे। दोनों रविवार सुबह रिसोर्ट से लौट रहे थे। गंगाशहर थाना इलाके में इनकी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। गाड़ी करीब 4 पलटी खाते हुए हाईवे किनारे झाड़ियों में जा गिरी। आसपास के लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस ने दोनों शवों को पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह हाईवे पर एक गाड़ी पलट गई और सड़क से नीचे उतरकर झाड़ी में फंस गई। तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे तो युवक और युवती गाड़ी के बाहर पड़े थे। उनकी मौत हो गई थी। कार के एयरबैग भी खुले हुए थे।

# गठरी में मिले महिला के शव की गुत्थी सुलझी

- अनूपगढ़ की रहने वाली थी महिला, हत्या करके फेंका गया था शव

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के छतरगढ़ इलाके में मिले महिला के शव की गुत्थी पुलिस 24 घंटे में ही सुलझाने के करीब पहुंच गई है। मृतका की पहचान हो गई है।

आशंका है कि किसी ने मौत के घाट उतारकर शव को ठिकाने लगाने के लिहाज से नहर किनारे फेंका था। पुलिस पति को थाने में बैठाकर पूछताछ कर रही है। खाजूवाला के सीओ अमरजीत चावला के मुताबिक मृतका का नाम गगनदीप है। उसने कुछ समय पहले ही अनूपगढ़ निवासी जगजीत सिंह के साथ प्रेम विवाह किया था। बताया जाता है कि यह गगनदीप की दूसरी शादी थी।

आशंका के आधार पर पति जगजीत से पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर अब तक मिली जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी में गृह क्लेश अत्यधिक बढ़ गया जिसका नतीजा इस मौत तक पहुंच गया। छतरगढ़ इलाके के सत्तासर में नहर की 600 आरडी के निकट झाडियों में एक महिला का शव मिला था। एक चद्दर में लिपटे महिला के शव के दोनों हाथ बंधे थे। सूचना मिलते ही मौके पर छत्तरगढ़ एसएचओ के साथ ही सीओ अमरजीत चावला भी मौके पर पहुंचे थे। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

## दो दिन में डेंगू के 47 रोगी मिले

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मच्छरों के प्रकोप की वजह से डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ रही है। दो दिनों में जिले में 47 नए डेंगू रोगी मिले।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 23 नए डेंगू रोगी मिले। इससे पूर्व 24 रोगी मिले थे। जिले में इस सीजन में पाए डेंगू रोगियों की संख्या 225 तक पहुंच चुकी हैं। नए 23 रोगियों में श्रीगंगानगर शहर में 9, श्रीगंगानगर ग्रामीण ब्लॉक में 7, सादुलशहर में 2, श्रीकरणपुर में 4 और सूरतगढ़ में एक रोगी मिला। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कर्ण आर्य के अनुसार अब सर्वाधिक 109 डेंगू पॉजिटिव श्रीगंगानगर शहर में मिले हैं। ग्रामीण ब्लॉक में 61, पदमपुर में 9, सादुलशहर में 8, श्रीकरणपुर में 21 और सूरतगढ़ में 17 मिल चुके हैं। बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

# 20 फीट गहरा खुला चैम्बर दे रहा हादसों को न्यौता

- चैम्बर नहीं ढका गया तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे

**अनूपगढ़,**(कासं)। नई मंडी घड़साना जिसे ग्राम पंचायत तीन एसटीआर के नाम से भी जाना जाता है। वार्ड नंबर एक में सरकारी प्राथमिक स्कूल से महज 40 फीट की दूरी पर गंदे पानी की निकासी के लिए बना 20 फीट गहरा और 7 फीट चौड़ा चैम्बर मंडी वासियों के लिए समस्या बन चुका है।

यह चैम्बर दो साल पहले ग्राम पंचायत प्रशासन ने बनवाया था और तब से ही यह चैम्बर ऊपर से खुला है। चैम्बर कवर नहीं होने के कारण आये दिन यहां हादसों की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह चैम्बर सरकारी स्कूल के नजदीक है और जब स्कूल में आने वाले छोटे-छोटे बच्चे इस चैम्बर के पास से गुजरते हैं तो दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने आज इस मामले से तहसीलदार बबीता को अवगत करवाया तो तहसीलदार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास अधिकारी को तुरंत प्रभाव से इस चैम्बर को कवर करने के निर्देश दिए है।

ग्रामवासी दिनेश लिंबा ने सरपंच पर आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों से लगातार शिकायत करने और कई बार फोन पर सूचित करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले एक गौवंश इस चैम्बर में गिर गया था, जिसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया।

उन्होंने यह भी बताया कि चैम्बर की सफाई का खर्च भी ग्रामीण खुद उठा रहे हैं। जबकि यह पंचायत की जिम्मेदारी है। ग्रामीण मदन टाक ने बताया कि इस गंभीर समस्या की जानकारी सरपंच को बार-बार दी गई है परंतु हर बार उनकी शिकायतों को अनदेखा कर दिया गया।

उन्होंने सरपंच पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द ही चैम्बर को ढकने और सुरक्षित बनाने के लिए कदम नहीं उठाये गए तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## अणखीसर में कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**नोखा,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने नोखा के अणखीसर में जन सुनवाई की। विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें।

ग्रामीण क्षेत्रों का दौरे करते हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। सरकारी योजनाओं को प्रचारित करें और पात्र लाभार्थी तक इनकी पहुंच बनाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली सड़क दुरुस्तीकरण, अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई के लिए कहा। ग्रामीणों ने गांव में ई-लाइब्रेरी बनाने की मांग रखी। उन्होंने अणखीसर में उप स्वास्थ्य केंद्र, जीएसएस आंगनबाड़ी केन्द्र तथा पशु उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए जमीन आवंटन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# उर्दू रामायण साम्प्रदायिक सौहार्द और भाषाई एकता की प्रतीक : मकसूद अहमद

- बीकानेर में 1935 में लिखित उर्दू रामायण का वाचन किया


बीकानेर के होटल मरूधर हेरिटेज में उर्दू रामायण के वाचन कार्यक्रम को पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पर्यटन लेखक संघ-महफिल अदब के तत्वावधान में रविवार को होटल मरूधर हेरिटेज में बीकानेर में 1935 में लिखित उर्दू रामायण का वाचन किया गया।

पूर्व में डॉ जिया उल हसन कादरी ने बताया कि 1935 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने तुलसीदास जयंती के अवसर पर उर्दू में रामायण नज़्म लिखने की अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें बादशाह हुसैन खां राना जो उस समय बीकानेर में उर्दू के प्रोफेसर थे ने उर्दू में रामायण नज़्म लिखकर बनारस भेजी। जो पूरे देश में प्रथम आई और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने इसे गोल्ड मैडल से नवाजा। महाराजा गंगासिंह नागरी भंडार में एक समारोह आयोजित कर राना साहिब से उर्दू रामायण सुनी।

यहीं पर उर्दू के वरिष्ठ साहित्यकार सर तेज बहादुर सप्रू ने विश्वविद्यालय की तरफ से राना साहिब को गोल्ड मैडल पेश किया। जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली की प्रोफेसर डॉ मुकुल चतुर्वेदी ने उर्दू रामायण का अंग्रेजी अनुवाद किया है। डॉ जिया उल हसन कादरी, जाकिर अदीब व असद अली असद ने इस रामायण का प्रभावशाली वाचन किया। जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा और नज़्म की कई पंक्तियों को बार-बार पढ़वाया गया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने कहा कि राना साहिब द्वारा लिखित ये उर्दू रामायण साम्प्रदायिक सौहार्द और भाषाई एकता की प्रतीक है। इसके माध्यम से बीकानेर से एक सकारात्मक संदेश पूरे देश में गया है। मुख्य अतिथि इंजीनियर निर्मल कुमार शर्मा ने कहा कि संस्था 2012 से लगातार ये कार्यक्रम कर रही है जो कि सराहनीय है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ में कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर से बाइक चालक करीब 10 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरा। ये हादसा रविवार दोपहर करीब 3 बजे अम्बेडकर चौक से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर खंडा चौक के पास हुआ।

प्रत्यक्षदर्शी संदीप सिंह ने बताया कि अम्बेडकर चौक की ओर से आ रही कार खंडा चौक के पास पहुंची, तभी बाइक चालक ने अचानक सड़क पार करने का प्रयास किया जिससे दोनों वाहनों की टक्कर हो गई।

इस हादसे की सूचना किसी ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। एएसआई तुलसीराम ने बताया कि घायल के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। लोगों ने घायल बाइक चालक भागीरथ पुत्र बिशना राम, निवासी गांव 27 एपीडी, को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.11.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700023880, 3894, 3916, 117680730048665, 8688, नोखा, 135170700014737, 4764, 135170730038112, पंच शती सर्कल, 115300700028551, 8552, 8553, 8567, 8595, 115300730077115, 7144, 7145, 7165, 7276, 115300750000105, 0116, श्री डुंगरगढ, 135300700013691, 3695, 3742, 3762, 135300730038313, 8314, 135300750000034, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034958, 7000, 7004, 7031, 135100730040612, रविन्द्र पथ, 117420700036956, 6964, 6978, 6992, 117420730040626, 0920, 0921, 0922, 0947, 0948, 1005, 1245, 117420750000019, 0034, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021491, 1519, 117490730023128, सूरतगढ राजस्थान, 135560700024727, 4750, 4792, 4846, 4861, 4872, 135560730051599, 1698, 1768,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# राजस्थानी लोक साहित्य का ज्ञान शास्त्रीय ज्ञान से ज्यादा श्रेष्ठ : प्रो. अर्जुनदेव चारण

■ 'मध्यकालीन राजस्थानी गद्य परम्परा' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित

**बीकानेर,** (कासं)। कालबोध की दृष्टि से राजस्थानी साहित्य को मौखिक एवं लिखित दो अलग-अलग रूपों में परिभाषित किया जाता है। इस दृष्टि से राजस्थानी मध्यकालीन गद्य विधाएं मौखिक साहित्य से जुड़ी हुई हैं। क्योकि मध्यकालीन गद्य कहने की एक अनूठी कला रही है। राजस्थानी लोक साहित्य का ज्ञान शास्त्रीय ज्ञान से ज्यादा श्रेष्ठ एवं विशाल है।

यह विचार कवि-आलोचक प्रोफेसर डॉ. अर्जुनदेव चारण ने साहित्य अकादमी एवं श्री नेहरू शारदा पीठ पीजी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित 'मध्यकालीन राजस्थानी गद्य परम्परा' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद में अध्यक्षीय उद्‌बोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोक साहित्य का सृजन सप्त ऋषियों ने किया था। जिसे लोक ने सहज रूप से स्वीकार किया, जो अपने आपमें अद्‌भुत है।



कवि-आलोचक प्रोफेसर डॉ. अर्जुनदेव चारण ने 'मध्यकालीन राजस्थानी गद्य परम्परा' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

राष्ट्रीय परिसंवाद संयोजक डॉ. प्रशांत बिस्सा ने बताया कि उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. लक्ष्मीकांत व्यास थे। उन्होंने कहा कि मध्यकालीन राजस्थानी गद्य परम्परा एक समृद्ध एवं अनूठी परम्परा है। जिसे आधुनिक गद्य का आधार स्तंभ कहा जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने मध्यकालीन जैन संतों की गद्य रचनाओं की विवेचना करते हुए बालावबोध का महत्व उजागर किया।

उद्‌घाटन समारोह कवि-आलोचक डॉ. अर्जुनदेव चारण एवं मधु आचार्य आशावादी का नेहरू शारदापीठ संस्थान द्वारा अभिनंदन किया गया। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. प्रशांत बिस्सा ने स्वागत उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। उद्‌घाटन सत्र का संचालन डॉ. गौरीशंकर प्रजापत ने किया। प्रथम तकनीकी सत्र डॉ. गीता सामौर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में संतोष चौधरी ने मध्यकालीन राजस्थानी बात साहित्य एवं डॉ. गौरीशंकर प्रजापत ने मध्यकालीन राजस्थानी विगत साहित्य विषयक आलोचनात्मक पत्र प्रस्तुत किये। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कवि-आलोचक डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित ने की। इस सत्र में डॉ. सत्यनारायण सोनी ने मध्यकालीन राजस्थानी ख्यात साहित्य एवं डॉ. नमामी शंकर आचार्य ने मध्यकालीन राजस्थानी वार्ता साहित्य विषयक आलोचनात्मक शोध पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय परिसंवाद का समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मदन सैनी थे। उन्होंने कहा कि मध्यकालीन राजस्थानी गद्य परम्परा हमारी अनमोल धरोहर है।

जालौर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्जुनसिंह उज्जवल ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि राजस्थानी में युवाओं का भविष्य सुरक्षित है। इसलिए ही आज का युवा राजस्थानी भाषा साहित्य के प्रति मन से समर्पित होकर सृजन कर रहा है। अंत में डॉ. प्रशांत बिस्सा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर डॉ. ब्रजरतन जोशी, राजेन्द्र जोशी, कमल रंगा, धीरेन्द्र आचार्य, नगेंद्र किराडू, शंकरसिंह राजपुरोहित, हरीश बी. शर्मा, डॉ. रामरतन लटियाल, डॉ. हरिराम बिश्नोई, राजेन्द्र स्वर्णकार, डॉ. रेणुका व्यास, प्रशांत जैन, नीतू बिस्सा, समीक्षा व्यास, मनीषा गांधी, राजकुमार पुरोहित, अमित पारीक, मुकेश पुरोहित सहित अनेक प्रतिष्ठित रचनाकार एवं राजस्थानी भाषा-साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

## देवेन्द्र सारस्वत राजस्थान स्टेट हैड नियुक्त

**बीकानेर,** (कासं)। भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे रेड टेनिस बॉल क्रिकेट खेल के राष्ट्रीय खेल महासंघ रेड टेनिस बॉल फैडरेशन इंडिया के जनरल सैक्रेटरी एस. अरूण कुमार तमिलनाडु द्वारा फैडरेशन की एग्जीक्यूटिव मीटिंग में लिए निर्णयानुसार राजस्थान रेड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन का राजस्थान स्टेट हैड नियुक्त किया गया है।

सारस्वत को नेशनल चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान स्टेट से टीम सलेक्शन करने और राजस्थान स्टेट लेवल चैम्पियनशिप करने के लिए भी अधिकृत किया गया है। सारस्वत के राजस्थान स्टेट हैड बनाये जाने पर रेड टेनिस बॉल क्रिकेट फैडरेशन इंडिया के नेशनल प्रेसीडेंट एम. दत्तात्री द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की। सारस्वत ने जल्दी ही सब जूनियर अंडर 14, कैडेट अंडर 17, जूनियर अंडर 19 व सीनियर खिलाडियों की विभिन्न जिलों में जिला स्तरीय तथा राज्य स्तरीय रेड टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता करवाने के लिए रोडमैप तैयार करने का आश्वासन दिया है। जिससे राजस्थान स्टेट के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं एशियाई प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सके। देवेन्द्र सारस्वत ने राजस्थान स्टेट हैड बनने पर विफा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद अमन जयपुर, सीपेक इंस्टीट्यूट के पुरूषोत्तम ओझा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने खुशी जताई।

# सार-समाचार

## मुआवजा व नौकरी की मांग


राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय सदस्य लवकुश कुमार को वाल्मीकि यूथ क्लब ने मांग पत्र सौंपा।

**बीकानेर,** (कासं)। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने बताया कि लवकुश कुमार, राष्ट्रीय सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को बीकानेर की स्थानीय लक्ष्मीनिवास होटल में मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में नगर निगम स्थानीय निकाय विभागों में सफाई कार्य को तकनीकी कार्य का दर्जा प्रदान किया जाए। सफाई कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी विकसित करके जरूरतमंद सफाई कर्मचारियों को कॉलोनी में क्वार्टर आवंटित किए जाए। स्थानीय निकाय विभाग में नियुक्त शिक्षित सफाई कर्मचारियों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मंत्रालय वर्ग में पदोन्नति दी जाए। सीकर जिले की फतेहपुर तहसील में हाल ही में तीन सफाई कर्मचारियों की सीवर लाइन में दम घुटने से मौत हो गई है। इस संबंध में संज्ञान लेते हुए सफाई कर्मचारी वर्ग के परिवारों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी दिलवाई जाए तथा दोषी अधिकारियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, शहर अध्यक्ष साजन कुमार जावा ने बताया कि किसी भी सफाई कर्मचारी को बिना किसी उपयुक्त उपकरण के सीवर लाइन में नहीं उतारा जाए। अगर कोई अधिकारी ऐसा करता है तो उसके विरूद्ध तुरंत कार्रवाई जाए। प्रदेश वाल्मीकि यूथ क्लब महासचिव सुनिल चांवरिया ने बाताया कि बीकानेर संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में लगभग 30/35 वर्षों से सफाई कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की स्थाई भर्ती लम्बित है जिसे शीघ्र ही करवाया जाए। वाल्मीकि समाज के बेरोजगार युवाओं को कृषि भूमि आवंटित करवाई जाए। इस दौरान वाल्मीकि समाज के मुकुल वाल्मीकि, वाल्मीकि यूथ क्लब, राकेश पंडित, श्याम निर्मोही, सोनू बारासा, हीरालाल तेजी, अरूण जैदिया आदि लोग शामिल थे।

## राजेंद्र भांबू के जनसंपर्क दौरे जारी

झुंझुनूं, (निसं)। उप चुनावों में भाजपा की तरफ से प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने कहा है कि डबल ईंजन की सरकार में झुंझुनूं भी अपना भागीदार बनेगा। इस बार उप चुनावों में वंशवाद का खात्मा भी तय है। भांबू ने रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया।जानकारी के अनुसार रविवार को भांबू ने शिशियां, बाकरा, ढेवा का बास, कायमसरिया की ढाणी, उत्तरासर आदि गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया और ग्रामीणों से संवाद करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी कार्य योजनाओं की जानकारी देते हुए झुंझुनूं के विकास के लिए अपरिहार्य बताया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि यमुना के पानी की बात हो या फिर अन्य कोई भी विकास कार्य, सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा, कुलोद भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश खींचड़, धर्मवीर पूनियां, कुलोद मंडल प्रभारी रोहिताश फौजदार, भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अर्जुन महला, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, सुभाष रेपस्वाल, मुरारी सैनी, डॉ. राजेश बाबल मंच पर उपस्थित थे। लोगों ने जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी को बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।

## प्रथम प्रयास में आर.जे.एस. में चयन

**पाटन ।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत हसामपुर के निकट ग्राम जाटवास की रहने वाली शैलेश नेहरा पुत्री रोहितास नेहरा का प्रथम प्रयास में ही आरजेएस में चयन हुआ है। रोहिताश नेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बिटिया शैलेश शुरू से ही बहुत होशियार थी, कक्षा नौवीं तक भास्कर पब्लिक स्कूल हसामपुर से पढ़ाई की, तथा दसवीं की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा से की। 11वीं और 12वीं की पढ़ाई सरस्वती स्कूल नीमकाथाना से कर इसने चाणक्य यूनिवर्सिटी बिहार से क्लैट किया। शैलेश का जूनियर लीगल ऑफिसर के पद पर चयन हुआ जो नीमकाथाना कलेक्ट्रेट कार्यालय में ही पोस्टेड रही। शैलेश का आरजेएस परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही चयन होने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई ।बिटिया शैलेश व उसके पिता रोहिताश नेहरा को बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 10 नवंबर को

रतनगढ़, (निसं)।श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति उपखंड रतनगढ़ की कार्यकारिणी द्वारा रतनगढ़ तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 10 नवंबर 2024 को आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसमें कक्षा 10 व 12 में 75 व अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा में 60 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले और आईआईटी, नीट , जेईई इत्यादि में चयनित होने , एवं राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और अन्य क्षेत्रों के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष श्री सुखराम राजोतिया ने बतलाया कि इस समारोह हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 रखी गई है ।

## प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चिड़ावा।** जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने बताया कि विद्यालय में छात्रों ने कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, दीया सजाओ प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कलात्मक दीपक तैयार किए एवं आकर्षक कार्ड बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# साइबर क्राइम में शामिल होने के पक्के सबूत मिले

■ 24 अक्टूबर को नाकाबंदी तोड़कर भागे युवकों के घर से 9 लाख रूपये की नकदी, 150 से अधिक बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, सोना व चांदी के जेवर मिले

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर जिला अस्पताल के सामने 24 अक्टूबर की शाम को पुलिस नाकाबंदी तोड़कर भागे युवकों के साइबर क्राइम में शामिल होने के पक्के सबूत मिले हैं। शहर पुलिस ने आरोपियों के गुरूनगर स्थित आवास पर छापेमारी की। इस दौरान उनके घर से 9 लाख रूपए नकदी, 150 से अधिक बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड तथा सोने व चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने सर्च की वीडियोग्राफी करके नकदी और सामान को सीज कर मकान को ताला लगा दिया है। सीजर रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जा चुकी है। आरोपी मनीष सोनी तथा उसके भाई प्रशांत सोनी की तलाश जारी है। गुरूवार को आरोपियों के फरार हो जाने के बाद पुरानी आबादी पुलिस ने आरोपियों के गुरूनगर स्थित घर पर दबिश दी थी।

इस दौरान आरोपियों के माता-पिता पुलिस के देखते देखते ही मकान छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मकान की वीडियोग्राफी के साथ सर्च किया। करीब दो घंटे चले सर्च में आरोपियों के घर से मिले सामान से यह संदेह पक्का हो गया कि आरोपी साइबर ठगी का काम करते हैं। हालांकि आरोपियों के घर से कोई इलेक्ट्रिक डिवाइस बरामद नहीं हुई। इससे अनुमान है कि लैपटॉप या टेबलेट आरोपियों के पास कार विटारा ब्रेजा में ही थे।

आरोपियों के घर से बरामद विभिन्न लोगों के नाम से बैंक पासबुक की संबंधित बैंकों से डिटेल मांगी गई है। आरोपियों के पास मिली पासबुकों की डिटेल मिलने पर पता चलेगा कि उनके खातों में कब से और कितना कितना ट्रांजेक्शन हुआ। यह नकदी किस व्यक्ति द्वारा कब-कब डाली गई। इस डिटेल के मिलने के बाद आरोपियों के बारे में और भी कई महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है। आरोपी अभी तक फरार है। उनकी तलाश की जा रही है।

सदर थाना के एएसआई धर्मवीर मीणा गुरुनगर निवासी मनीष सोनी और प्रशांत सोनी पर अपनी विटारा ब्रेजा कार से जानबूझकर कुचलकर हत्या की कोशिश करने तथा चोटिल करने और सरकारी जीप को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। यह घटना 24 अक्टूबर शाम को जिला अस्पताल के सामने हुई थी। आरोपियों के पास घटना के समय भी काफी बड़ी रकम और साइबर ठगी से संबंधित इलेक्ट्रिक डिवाइस मौजूद थीं। आरोपी मनीष और प्रशांत के साइबर अपराध में शामिल होने के पक्के इनपुट थे। उनके घर पर सर्च में इससे जुड़े काफी महत्वपूर्ण सबूत भी मिले हैं। नकदी, बैंक पासबुक आदि सामान को सीज कर कोर्ट में रिपोर्ट दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## स्काउट कैम्प का आयोजन

**सीकर ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में रिडमलसर प्रशिक्षण केंद्र, बीकानेर में 7 दिवसीय स्काउट लीडर बेसिक एवं एडवांस कोर्स कैम्प में सीकर व नीमकाथाना जिले के आठ सदस्यों में बेसिक रोवर लीडर मे एसएनकेपी कॉलेज नीमकाथाना से डॉक्टर अंकित सैनी, हेमेंद्र सिंह राठौड़ ईश्वर चंद्र, जगन्नाथ ओपन रोवर लीडर अजीतगढ़ से कुंदन, कुलदीप, भारतीय कॉलेज रींगस से राहुल, रिचा सक्सैना, मेमोरियल पीजी कॉलेज रींगस से संदीप कुमार ने तथा प्रताप ओपन रोवर रींगस से सुभाष कुमार,बी आर अंबेडकर ओपन रोवर कू थोई से गुलजारी लाल सैनी ने भाग लिया। शिविर में स्काउटिंग कौशल को निखारा, बल्कि जीवन की महत्वपूर्ण शिक्षाएँ, सबसे महत्वपूर्ण चीज जो भी अनुशासन,प्राकृतिक ज्ञान,कैम्पिंग के दौरान, प्रकृति के बारे में भी सीखाया। पौधों, पशुओं और पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। नेतृत्व करना, हाईक प्राथमिक आपदा प्रबंधन सामुदायिक सेवा समाज सेवा नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान की जानकारी,अनुमान लगाना ,सिगनलिंग पायनियरिंग, गांठे सहित अनेक हुनर सिखाए गए।

# अनूपगढ़ अस्पताल में डॉक्टरों की कमी

■ वैकल्पिक व्यवस्था में लगाई डॉक्टर ममता भी एक घंटा देरी से अस्पताल पहुंची

**अनूपगढ़,** (कासं)। सरकारी जिला अस्पताल पिछले कई सालों से डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहा है, जिससे आमजन काफी परेशान है।

आमजन की समस्या को देखते हुए सीएमएचओ डॉक्टर गिरधारी लाल मेहरड़ा ने तीन डॉक्टर की वैकल्पिक व्यवस्था सरकारी अस्पताल में की थी। मगर आज रविवार को वैकल्पिक व्यवस्था में लगाये गए कोई भी डॉक्टर सरकारी अस्पताल नहीं पहुंचा। जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मुरलीधर कुमावत ने बताया कि व्यवस्था में लगाए गए किसी भी डॉक्टर ने आज अवकाश की जानकारी भी नहीं दी है वही वैकल्पिक व्यवस्था में लगाये गए डॉक्टर ममता भी एक घंटा देरी से अस्पताल पहुंची। डॉक्टर्स की लापरवाही के चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सीएचसी प्रभारी डॉ मुरलीधर कुमावत ने बताया-आज रविवार को ओपीडी का समय सुबह 9 बजे 11 बजे तक का होता है। उन्होंने बताया कि आज सुबह अस्पताल में इमरजेंसी होने के कारण वह इमरजेंसी वार्ड में थे और डॉ अनिल भादू ओपीडी में थे। ओपीडी मात्र एक डॉक्टर होने के कारण मरीजों को काफी देर कतार में खड़े रहना पड़ा।

डॉ कुमावत ने बताया कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी के कारण आमजन को परेशानी हो रही है उस परेशानी को दूर करने के लिए सीएमएचओ गिरधारी लाल मेहरड़ा ने 24 अक्टूबर 2024 को डॉक्टर्स की वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए डॉक्टर सिमरन बिश्नोई को 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक, डॉक्टर ममता और डॉ विनय बत्रा को भी 25 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक लगातार ओपीडी समय तक अस्थायी रूप से अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में लगाया था।

# 300 दिन पार हुआ शान्तिपूर्वक नहर आंदोलर्न लालचौक

**चिड़ावा ।** सिंघाना सड़क मार्ग स्थित बस स्टैंड लालचौक पर नहर की मांग को लेकर चल रहे किसानों के धरने को रविवार को 300 दिन पूरे हो गए। किसान सभा के बैनर तले धरने की अध्यक्षता जिला महामंत्री मदनसिंह यादव ने की। दस महीने से धरने पर किसानों ने स्थाई रूप से डेरा डाल रखा है। वक्ताओं का कहना है कि सरकार ने आजतक किसानों की सुध नहीं ली। इससे शेखावाटी की आम जनता को घाटे के सिवाय कुछ नहीं मिलना है। शेखावाटी में नहर के पानी की महती आवश्यकता है जबकि सरकार इसको हलके में देखकर चल रही है ।

किसानों ने किसान महापंचायत में हुई त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा की और आगामी समय में मजबूती से आगे बढ़ने के लिए संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस अवसर पर किसानों ने नहर की मांग नहीं मानी जाने से नाराज होकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उपसचिव ताराचंद तानाण,नहर आन्दोलन प्रवक्ता विजेन्द्र शास्त्री, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चाहर, यात्रा संयोजक रणधीर ओला, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनिता आदि उपस्थित रहे।

## बैठक आयोजित

**पाटन ।** अपना घर आश्रम नीमकाथाना की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आश्रम अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई, जिसमे आश्रम से जुडे विषयों पर चर्चा की गई।

आश्रम सचिव संदीप चौधरी ने आश्रम विकास से संबंधित मुद्दे कार्यकारिणी के सम्मुख रखे, जिन पर सदस्यो ने सर्व सम्मति से सहमति प्रदान की।

आश्रम मे प्रभु जी की बढती संख्या को देखकर 1 नवंबर से खाने की दो यूनिट बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ तथा आश्रम का वार्षिकोत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त आश्रम सम्बन्धित अनेक विषयो पर चर्चा कर सहमति जताई गई।

# सहनशीलता के बिना मुक्ति संभव नहीं : मुनि संवेग रतन

■ भगवान महावीर के निर्वाण कल्याणक पर उत्तराध्ययन सूत्र की वांचना की

**बीकानेर,** (कासं)। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में धनतेरस को भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर चल रहे उत्तरा अध्ययन के विशेष व्याख्यान के तहत अखंड दीपक प्रज्जवलित किया जायेगा तथा समवशरण की रचना की जायेगी।

श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि समोशरण के दौरान परमात्मा महावीर स्वामी की स्तुति वंदना की जायेगी। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर महाराज के सानिध्य में रविवार को भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक पर उत्तराध्ययन सूत्र की वांचना करते हुए मुनि संवेग रतन सागर महाराज ने कहा कि सहनशीलता के बिना मुक्ति संभव नहीं है। सहनशीलता आत्मा के तेज को बढ़ाती है तथा मन को नियंत्रित करती है। उन्होंने कहा कि देव, गुरु व धर्म के मार्ग पर चलने वाले साधक-अराधक कष्ट या कठिनाईयों समभाव से रहते हुए सहते हैं। इसे परिषह कहते हैं। परिषह 22 प्रकार के होते हैं। परिषद में रहने वाले भूख लगने पर शुद्ध आहार नहीं मिलने पर भूख व शुद्ध पानी नहीं मिलने पर प्यास, क्रोध आने पर क्षमा धारण करते हुए शांत रहते हैं। वध परिषह में प्रहार करने वाले के प्रति भी द्वेष नहीं करते तथा शांत रहते हैं। याचना परिषह में दवाई आदि की जरूरत होने पर दीन वचनों से, हाथ के संकेत से औषधि को नहीं मांगते।

# जरूरतमंद बच्चों एवं महिलाओं व पुरूषों को जूते, वस्त्र व मिठाई वितरित

■ दीपावली पर उपहार पाकर बच्चों व बड़ों के चेहरे खिल उठे

■ गुरूजी ने सभी से गया कि वे इस दीपावली पर दो पौधे अवश्य लगाएं

**बीकानेर,** (कासं)। श्री गुरू अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरू अर्जुन दास ने बीकानेर प्रवास के दौरान दूसरे दिन दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों एवं महिलाओं व पुरूषों को जूते, वस्त्र व मिठाइयां वितरण की गई।

यह कार्यक्रम अम्बेडकर कॉलोनी, वार्ड नंबर 33, आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया। कार्यकर्ता सायरा कंवर, सहायिका पूजा कंवर, आशा सहयोगिनी सुशीला उपस्थित रही। समिति के गुरू अर्जुन दास, अभिषेक गुप्ता, उषा गुप्ता, बसंत किराडू, सोनू स्वामी, दीपक पुरोहित, दिलीप गुप्ता, वैभव, हिमांशी, मयंक उपस्थित रहे। प्रचारक उषा गुप्ता द्वारा बताया कि गुरू अर्जुन दास द्वारा लगातार 25 वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें जरूरतमंदों में वस्त्र सामग्री, राशन सामग्री, चिकित्सा सामग्री व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है।



गुरू अर्जुन दास ने बीकानेर प्रवास के दौरान दीपावली के अवसर पर अम्बेडकर कॉलोनी वार्ड नंबर 33 के आंगनबाड़ी केन्द्र में जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र व मिठाई वितरित की।

पर्यावरण संरक्षक अभिषेक गुप्ता द्वारा शाखा बीकानेर में पिछले 5 वर्षों से किये गए सेवा कार्यों से अवगत करवाया गया। गुरू अर्जुन दास द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित माता को अपने बच्चों में सुविधा देने के साथ-साथ संस्कार देने प्रेरणा दी गई जिससे आज के बच्चे कल के भावी युवा, अच्छे नागरिक बन सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा सकें। जिससे एक सशक्त भारत का सपना साकार हो सके। गुरूजी द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि वे इस दीपावली पर दो पौधे अवश्य लगाये। बच्चों को पटाखों से दूर रखें एवं कोशिश करें कि उन्हें इन्हीं पैसों को सेवा कार्य या अन्य जरूरत में लगाने की प्रेरणा दें।

कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता, सहयोगी, आशा सहयोगिनियों ने गुरूजी व संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। दीपावली पर उपहार पाकर बच्चों व बड़ों के चेहरे खिल उठे।

# गोदाम से नकली डी.ए.पी. व अन्य उर्वरक के 305 कट्टे जब्त

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा रविवार को बड़ी कार्रवाई की गई।

संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी के नेतृत्व में सहायक निदेशक भैराराम गोदारा, सुभाष विश्नोई, महेन्द्र प्रताप, ओमप्रकाश तर्ड, धन्नाराम बेरड़, मुकेश गहलोत, प्रदीप चौधरी सहित कृषि विभागीय टीम ने मयूर विहार कॉलोनी में अवैध गोदाम से नकली डीएपी व अन्य के 305 कट्टों का जखीरा पकड़ा। अवैध रूप से संचालित हो रहे गोदाम में इनके साथ मोलासेज पोटाश के 50 बैग, सागारिका के 3 बैग और 1900 खाली बैग के साथ दो सिलाई मशीन से पैकेज करते 10 श्रमिकों को पकड़ा गया। यह अवैध गोदाम प्लाट बी-53 दयालदान मकान मालिक के नाम से है। इसे किराये पर निकित लाम्बा पुत्र सत्यवीर सिंह लाम्बा, हम्मीर बास झुंझुनूं को दिया गया है।



कृषि विभाग की टीम ने अवैध गोदाम से नकली डीएपी व अन्य उर्वरक के 305 कट्टे जब्त किए।

लाम्बा द्वारा नकली डीएपी व अन्य सामग्री का यहां अवैध भंडारण व पैकेजिंग कार्य किया जा रहा था। श्रमिक परविन्द्र ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अजय नाम का व्यक्ति मौके से भाग निकला।

मौके पर बरामद नकली डीएपी व अन्य के कट्टे टीम द्वारा सीज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1900 थैले मौके से खाली भी बरामद हुए हैं। कृभको के 13 नकली छपे हुए कट्टों व के.आर. फर्टीलाईजर के 53 खुद के रा मेटेरियल के 1900 कट्टों में भण्डारण किया जा रहा था।

